# UNIVERSITY NEWS 15 AUGUST 2026

## DAINIK JAGRAN

### एचपीवी से बचाव के लिए समय पर उपचार जरूरी

**लखनऊ** : 'भारत में प्रतिवर्ष लगभग एक लाख 30 हजार एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) से संबंधित मामले सामने आते हैं, जिनमें युवाओं की संख्या भी उल्लेखनीय है। समय पर जांच एवं उपचार न करवाना, स्वास्थ्य सुविधाओं तक पर्याप्त पहुंच का अभाव व व्यक्तिगत एवं सामाजिक परिस्थितियां बीमारी की रोकथाम में प्रमुख बाधाएं बनती हैं। ऐसे में युवाओं में एचपीवी के प्रति जागरूकता जरूरी है'। यह जानकारी जगरानी हास्पिटल में कंसल्टेंट डायटीशियन डा. रितु सिंह ने दी। वह शुक्रवार को लवि के शिक्षाशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहीं।

## DAINIK JAGRAN

### तीन महीने बीते, लेकिन नहीं भर पाई एडेड डिग्री कालेजों की सीटें

अप्रैल तो कई जगह **मई में** शुरू की गई सीधे प्रवेश देने की सुविधा



अखिल सक्सेना • जागरण

**लखनऊ**: लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है, लेकिन राजधानी के तमाम एडेड डिग्री कालेजों में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों की बड़ी संख्या में सीटें अब भी खाली हैं। विद्यांत हिंदू डिग्री कालेज, नवयुग कन्या महाविद्यालय, खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज, केकेवी, डीएवी डिग्री कालेज, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कालेज समेत कई संस्थानों में अपेक्षित संख्या में दाखिले नहीं हो सके हैं। यह स्थिति तब है, जब कई कालेजों ने अप्रैल तो कुछ ने मई से ही सीधे प्रवेश की सुविधा शुरू कर दी थी, बावजूद सीटें खाली हैं। प्राचार्यों का तर्क है कि पहले दूसरे जिलों से भी छात्र-छात्राएं यहां पढ़ने आते थे, अब लवि से जुड़ने के बाद उन्हें ही जिलों में सुविधा मिल रही है। बहुत से विद्यार्थी सीयूईटी के जरिए बाहर पढ़ने चले जाते हैं। इस वजह से पिछले कुछ वर्षों से प्रवेश कम हो रहे।

"पहले आसपास के जिलों से विद्यार्थी यहां आते थे। अब लवि से जुड़ने के बाद जिलों में ही उन्हें पढ़ने की सुविधा मिल रही। सेल्फ फाइनेंस कालेजों की बढ़ती संख्या और सीयूईटी के जरिए दूसरे शहरों में पढ़ाई की बढ़ती प्रवृत्ति भी प्रवेश कम होने की प्रमुख वजह है।

**प्रो. मंजुला उपाध्याय**, प्राचार्य, नवयुग कन्या महाविद्यालय

लवि ने आसपास के चार जिलों के 300 से ज्यादा कालेज अपने यहां जोड़ लिए हैं। अब वहां के विद्यार्थी यहां पढ़ने नहीं आते। अपने जिले में तमाम सुविधाएं भी उन्हें मिल रही। ये एक बड़ा कारण है।

**प्रो.राजीव त्रिपाठी**, प्राचार्य, डीएवी कालेज

वर्तमान में छात्र-छात्राएं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की ओर से जा रहे हैं। किसी भी संस्थान में स्किल डेवलपमेंट वाले कोर्स है, तो उनकी मांग भी अधिक है। उसी ओर रुझान भी चल रहा है। सभी का इंडस्ट्री के अनुसार कोर्स डेवलपमेंट पर फोकस होना चाहिए। खास तौर पर संबंधित क्षेत्र में वर्तमान मांग के अनुसार।

**-प्रो अजय तनेजा**, कुलपति, भाषा विश्वविद्यालय।"

**कोर्सवार भरी सीटें**

| कोर्स | सीटें | भरी सीटें |
|---|---|---|
| **विद्यांत कालेज** | | |
| बीए | 670 | 100 |
| बीकाम | 320 | 100 |
| **करामत कालेज** | | |
| बीए | 1075 | 350 |
| बीकाम | 60 | 14 |
| बीएससी | 120 | 35 |
| **खुन खुन जी कालेज** | | |
| बीए | 385 | 208 |
| बीकाम | 60 | 32 |
| **केकेवी** | | |
| बीए | 700 | 350 |
| बीकाम | 240 | 126 |
| बीएससी | 700 | 215 |
| **डीएवी डिग्री कालेज** | | |
| बीए | 500 | 256 |
| बीएससी | 350 | 115 |
| **कालीचरण कालेज** | | |
| बीए | 800 | 600 |
| बीएससी | 60 | 45 |
| बीकाम | 360 | 160 |
| बीबीए | 60 | 45 |

## DAINIK JAGRAN

### लवि : विद्यार्थियों ने दी नाट्य प्रस्तुति

**लखनऊ**: 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति गीत को गिटार के माध्यम से शोध छात्र अभिन्नशयम तिवारी ने प्रस्तुत किया। नाट्य प्रस्तुति को भी सही ने सराहा। छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार के भाषण, गायन वादन व नाट्य प्रस्तुतियां भी दी। स्वतंत्रता दिवस पर भारत राष्ट्र पर आधारित क्विज भी हुई। इस अवसर पर सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि प्रो. संगीता साहू, प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. पीयूष भार्गव सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को आनंदमठ पुस्तक भेंट की गई। **वि.**

### लखनऊ विश्वविद्यालय से निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा

**लखनऊ** : हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का नेतृत्व संकाय प्रमुख एवं अधिष्ठाता प्रोफेसर डा. आरके वर्मा ने किया। तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। विद्यार्थियों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर अतिरिक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अर्चना सिंह, एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. शशि प्रभा जोशी सहित विधि संकाय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्र का प्रतीक नहीं, बल्कि भारत की एकता, गौरव और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है। इस अवसर पर अतिरिक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अर्चना सिंह, एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. शशि प्रभा जोशी व विधि संकाय के शिक्षक उपस्थित रहे। **वि.**

## AMRIT VICHAR

### काकोरी के क्रांतिकारियों का मुकदमा लविवि के छात्र ने लड़ा था

**अमृत विचार, लखनऊ** : स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम के बाल बलिदानियों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई ने शांति घोष और खुदीराम बोस के साहस और त्याग को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के क्रांतिकारियों के मुकदमे की पैरवी लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रथम विधि स्नातक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त ने की थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अरविंद मोहन ने की। विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल भी विचार रखे। उत्कर्ष सिंह, अवंतिका सिंह, दीक्षा पाल, मृदुल मिश्रा और शुभम मिश्रा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और बाल बलिदानियों पर विचार रखे। संचालन अद्रिका सिंह ने किया। समन्वय नितिन सिंह ने किया। इस दौरान विभाग के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### लविवि में हुई भारत राष्ट्र आधारित प्रश्नोत्तरी

**अमृत विचार, लखनऊ** : स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। निदेशक सांस्कृतिकी प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने बताया कि विशिष्ट अतिथि प्रो. संगीता साहू और प्रो. मनुका खन्ना ने प्रतिभागियों को 'आनंदमठ' पुस्तक प्रदान की। शोध छात्र अभिन्नशयम तिवारी ने गिटार पर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने भाषण, गायन, वादन और नाट्य प्रस्तुतियां दी। प्रो. पीयूष भार्ग, प्रो. मनुका खन्ना भी रहे। भारत राष्ट्र आधारित प्रश्नोत्तरी भी हुई। लविवि के विधि संकाय में अधिष्ठाता प्रो. आरके वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में अतिरिक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अर्चना सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशि प्रभा जोशी समेत शिक्षक मौजूद रहे।

## SWATANTRA BHARAT

### लविवि के विधि संकाय में निकली तिरंगा यात्रा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं नागरिक कर्तव्य की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व विधि संकाय के संकाय प्रमुख एवं अधिष्ठाता प्रो. डॉ. आर.के. वर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अर्चना सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशि प्रभा जोशी सहित विधि संकाय के शिक्षक उपस्थित रहे।तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। आयोजन को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यात्रा में विधि संकाय के छात्र-छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहभागिता की।

## AMRIT VICHAR

### प्रो. अवधेश कुमार ने संभाला कार्यभार



प्रो. अवधेश कुमार को शुभकामनाएं देते शिक्षक।

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग मे प्रो. अवधेश कुमार ने शुक्रवार को दूसरी बार विभागाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने पर विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ अन्य विभागो के शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो. अवधेश कुमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन, विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार जताया।

### लविवि में एनसीसी भर्ती 17 को

**अमृत विचार, लखनऊ**: लखनऊ विश्वविद्यालय के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से एनरोलमेंट-2026 की भर्ती प्रक्रिया 17 अगस्त को होगी। भर्ती सुबह सात बजे विश्वविद्यालय के एथलेटिक ग्राउंड मे शुरू होगी। चयन प्रक्रिया मे शारीरिक परीक्षण, चिकित्सीय परीक्षण और लिखित परीक्षा शामिल होगी।

## TIMES OF INDIA

### Roli Misra 1st woman to head LU economics

**Anjanaya Singh** | TNN



**Lucknow**: Lucknow University's **Roli Misra** has become the first woman to head the economics department in the 106-year history of the university.

Misra completed her BA in Economics in 1995, followed by her postgraduate degree in 1997 and PhD in 2003. She joined the university as an associate professor in 2016 and has since been associated with research on gender, development, labour and economic issues, including gender budgeting, migration, rural development and economic disparities.

"It is a matter of great pride and responsibility to become the first woman to lead the department in its long history. This achievement is not only personal; it reflects the changing role of women in academia and the importance of creating equal opportunities for women to take up leaderships positions," said Misra.

She added that students should not only receive academic knowledge but also be prepared for the changing demands of the job market. "We want to strengthen industry interaction, improve placement opportunities and create greater exposure for our students," she said.

## HINDUSTAN

### चंद्रभानु गुप्त ने काकोरी के क्रांतिकारियों का केस लड़ा था

**आयोजन**

**लखनऊ, संवाददाता**। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम के बाल बलिदानियों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई ने शांति घोष और खुदीराम बोस के साहस और त्याग को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के क्रांतिकारियों के मुकदमे की पैरवी लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रथम विधि स्नातक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त ने की थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अरविंद मोहन ने की। उन्होंने शिरीष कुमार मेहता और कनकलता बरुआ के बलिदान को याद करते हुए कहा कि अक्सर नन्हें शहीदों को भुला दिया जाता है। विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल ने बाजी राउत, घनश्याम दास, लालदास बानी, शांति घोष और सुनीति चौधरी समेत अन्य बाल बलिदानियों को याद किया। उत्कर्ष सिंह, अवंतिका सिंह, दीक्षा पाल, मृदुल मिश्रा और शुभम मिश्रा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

### लखनऊ विवि में 17 को होगी एनसीसी भर्ती

**लखनऊ, संवाददाता**। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से एनरोलमेंट-2026 की भर्ती प्रक्रिया 17 अगस्त को होगी। भर्ती सुबह सात बजे विश्वविद्यालय के एथलेटिक ग्राउंड में शुरू होगी। इस वर्ष स्नातक के किसी भी कार्यक्रम में नवप्रवेश लेने वाले पात्र छात्र-छात्राएं भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया 64 यूपी बटालियन एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. रजनीश कुमार यादव के निरीक्षण और मार्गदर्शन में संबंधित अधिकारियों और प्रशिक्षण स्टाफ की मौजूदगी में कराई जाएगी।

चयन प्रक्रिया में शारीरिक परीक्षण, चिकित्सीय परीक्षण और लिखित परीक्षा शामिल होगी। शारीरिक परीक्षण में छात्राओं को 400 मीटर और छात्रों को 800 मीटर दौड़ पूरी करनी होगी।

**इन बातों का रखें ध्यान**

अभ्यर्थियों को लोअर, टी-शर्ट और स्पोर्ट्स शूज पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। छात्रों के लिए उचित हेयर कट और शेव अनिवार्य है, जबकि छात्राओं के बाल व्यवस्थित तरीके से बांधे होने चाहिए। सभी अभ्यर्थियों को पानी की बोतल और लंच बॉक्स साथ लाने को कहा गया है। खाली पेट प्रक्रिया में शामिल न होने की सलाह दी गई है।

## AMAR UJALA

### प्रो. अवधेश दूसरी बार बने विभागाध्यक्ष

**लखनऊ**। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में प्रो. अवधेश कुमार ने शुक्रवार को दूसरी बार कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रो. कुमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन, विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। गुणवत्तापूर्ण शोध को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। (संवाद)

### बाल बलिदानियों को नमन किया

**लखनऊ**। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग ने शुक्रवार को भारतीय स्वतंत्रता के वीर बलिदानियों की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई रहे। उन्होंने बाल बलिदानियों शांति घोष और खुदीराम बोस के साहस व त्याग को शिक्षाप्रद बताया। बाजपेई ने कहा कि उनका बलिदान वर्तमान पीढ़ी के लिए अनुसरणीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अरविंद मोहन ने की। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इन सभी के योगदान की सराहना की। (संवाद)

### विधि संकाय में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**लखनऊ**। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसका नेतृत्व विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. आरके वर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अर्चना सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशि प्रभा जोशी सहित शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कुलपति प्रो. अजय तनेजा, एनसीसी एएनओ डॉ. लेफ्टिनेंट बुशरा अलवेरा और एनएसएस समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। (संवाद)

### छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, मिले प्रशंसा पत्र

**लखनऊ**। लखनऊ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में बीएससी कृषि (ऑनर्स) के नवप्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित पांच दिवसीय दीक्षारंभ-2026 कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और कृषि संकाय की अधिष्ठाता प्रो. गौरी सक्सेना के मार्गदर्शन में हुए अंतिम दिन प्रतिभा प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रशंसापत्र दिए गए। (संवाद)

## AMAR UJALA

### लविवि में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया 17 को

**लखनऊ**। लखनऊ विश्वविद्यालय में 17 अगस्त को एनसीसी भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह एनरोलमेंट भर्ती सुबह सात बजे एथलेटिक ग्राउंड में होगी। स्नातक के नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं इसमें शामिल हो सकेंगे। 64वीं यूपी बटालियन एनसीसी यह भर्ती युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने के लिए कर रही है।

भर्ती प्रक्रिया लेफ्टिनेंट रजनीश कुमार यादव के निरीक्षण में संपन्न होगी। चयन में शारीरिक परीक्षण, चिकित्सीय जांच और लिखित परीक्षा शामिल है। छात्राओं को 400 मीटर और छात्रों को 800 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी। इसके बाद स्वास्थ्य मानकों और ऊंचाई का मापन होगा। अंतिम चरण में सामान्य ज्ञान, तार्किक शक्ति, सामयिकी, रक्षा अध्ययन और एनसीसी से संबंधित लिखित परीक्षा होगी।

अभ्यर्थियों को लोअर, टी-शर्ट और स्पोर्ट्स शूज पहनकर आना होगा। छात्रों के लिए उचित हेयर कट और शेव अनिवार्य है, जबकि छात्राओं के बाल बंधे होने चाहिए। सभी अभ्यर्थी अपने साथ लंच बॉक्स और पानी की बोतल लाएं। (संवाद)

### सीट आवंटन परिणाम जारी

**लखनऊ**। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक प्रवेश सत्र 2026-27 के तहत एमए मनोविज्ञान पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग का पहला सीट आवंटन परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि उपलब्ध सीटों के सापेक्ष मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं। ऑनलाइन काउंसिलिंग में शामिल अभ्यर्थी अपने एप्लीकेशन फॉर्म नंबर के माध्यम से आधिकारिक पोर्टल lkouniv.ac.in पर परिणाम देख सकते हैं। प्रवेश सुरक्षित करने के लिए 15 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस जमा करनी होगी। (संवाद)

## AMAR UJALA

### लविवि : 106 साल की विरासत में महिला नेतृत्व के 14 अध्याय

#### अर्थशास्त्र विभाग में पहली महिला मुखिया, अब 51 में से 14 विभागों की कमान महिलाओं के हाथ

रविशंकर गुप्ता

**लखनऊ**। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106 साल के सफर में महिला नेतृत्व ने 14 अहम पड़ाव पार कर लिए हैं। 105 साल पुराने अर्थशास्त्र विभाग में पहली महिला विभागाध्यक्ष बनने के साथ अब विश्वविद्यालय के 51 विभागों में से 14 की कमान महिलाओं के हाथ में है।

यह बदलाव बताता है कि विश्वविद्यालय की लंबी शैक्षणिक यात्रा में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका लगातार बढ़ रही है। हालांकि, तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि कई प्रमुख विभागों में अब तक महिला प्रोफेसर विभागाध्यक्ष की कुर्सी तक नहीं पहुंच सकी हैं।

बीते बृहस्पतिवार को अर्थशास्त्र विभाग में प्रो. रोली मिश्रा ने विभागाध्यक्ष का कार्यभार संभाला। विवि के 106 साल के इतिहास में पहली बार किसी महिला को यह जिम्मेदारी मिलना विभाग के साथ-साथ विवि में महिला नेतृत्व के लिहाज से भी अहम पड़ाव है।

वर्तमान में अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषाएं, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, मानवशास्त्र, पाश्चात्य इतिहास, शारीरिक शिक्षा, प्राच्य संस्कृत, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं खगोल विज्ञान, व्यावसायिक प्रशासन/प्रबंधन, महिला एवं जेंडर अध्ययन संस्थान और अब अर्थशास्त्र विभाग की कमान महिलाओं के हाथ में है। लेकिन 14 विभागों तक पहुंची यह तस्वीर अभी पूरी नहीं है।

**कई प्रमुख विभागों में आज भी महिला नेतृत्व का पहला कदम बाकी**



पत्रकारिता व जनसंचार, समाज कार्य, अरबी, फारसी, प्राचीन भारतीय इतिहास व पुरातत्व, ललित कला संकाय, योग व वैकल्पिक चिकित्सा जैसे विभागों में आज तक महिला प्रोफेसर विभागाध्यक्ष नहीं बन सकी हैं। वाणिज्य विभाग में भी ऐतिहासिक रूप से महिला विभागाध्यक्ष का अभाव रहा है। यहां मुख्य वाणिज्य विभाग की कमान पारंपरिक रूप से पुरुष प्राध्यापकों के पास रही है। हाल ही में अगस्त 2026 में प्रो. अवधेश कुमार को यह दायित्व सौंपा गया है।

भौतिक विज्ञान विभाग को भी अब तक महिला विभागाध्यक्ष नहीं मिला है। हालांकि विज्ञान संकाय के पुराने और बड़े विभागों जैसे वनस्पति विज्ञान और प्राणि विज्ञान में महिला प्राध्यापकों ने विभागाध्यक्ष का पद संभाला है, लेकिन भौतिक विज्ञान जैसे पारंपरिक कोर विभाग में यह पद मुख्य रूप से पुरुष प्राध्यापकों के अधीन ही रहा है। (संवाद)

**वरिष्ठता की सीढ़ी से तय होती है विभागाध्यक्ष की कुर्सी**

- विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष का पद पदोन्नति या सीधी नियुक्ति से नहीं, बल्कि वरिष्ठता चक्र के अनुसार विभाग के सबसे वरिष्ठ प्रोफेसरों को तीन-तीन वर्ष के कार्यकाल के आधार पर दिया जाता है। करीब 50-60 साल पहले विश्वविद्यालय के कुछ विभागों में महिला प्राध्यापकों की भर्ती कम संख्या में हुई थी। इसके कारण वरिष्ठता सूची में शीर्ष तक पहुंचने में महिलाओं को लंबा समय लगा।

"बदलते वक्त के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय भी बदल रहा है। जैसे-जैसे समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं को प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है, उसी अनुपात में लखनऊ विश्वविद्यालय में भी बढ़ रहा है। भविष्य में यह अंतर और घटेगा। - **प्रो. मुकुल श्रीवास्तव**, प्रवक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय

**इन विभागों की कमान महिलाओं के हाथ में**

■ अर्थशास्त्र: प्रो. रोली मिश्रा ■ अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषाएं: प्रो. नाजनीन खान ■ मनोविज्ञान: डॉ. अर्चना शुक्ला ■ लोक प्रशासन: प्रो. वैशाली सक्सेना ■ मानवशास्त्र: डॉ. केया पांडेय ■ पाश्चात्य इतिहास: प्रो. अमिता सोनकर ■ शारीरिक शिक्षा: डॉ. शशी कनौजिया ■ प्राच्य संस्कृत: डॉ. प्रेरणा माथुर ■ वनस्पति विज्ञान: प्रो. गौरी सक्सेना ■ प्राणि विज्ञान: प्रो. अमिता कनौजिया ■ रसायन विज्ञान: डॉ. आभा विश्नोई ■ गणित एवं खगोल विज्ञान: डॉ. मीना सहाय ■ व्यावसायिक प्रशासन/प्रबंधन: डॉ. रितु नारंग ■ महिला एवं जेंडर अध्ययन संस्थान: डॉ. मानिनी श्रीवास्तव

# UNIVERSITY NEWS 15 AUGUST 2026

SWATANTRA BHARAT

## लविवि में दिखी देशभक्ति के रंग में रंगी प्रतिभा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी के मार्गदर्शन में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



इस दौरान सांस्कृतिकी निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने अतिथियों, प्रतिभागियों एवं दर्शकों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. संगीता साहू एवं प्रो. मनुका खन्ना उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को 'आनंदमठ' पुस्तक प्रदान की। शोध छात्र अभिननश्याम तिवारी ने गिटार पर देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने भाषण, गायन, वादन एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सृष्टि एवं उनकी टीम ने स्वतंत्रता दिवस विषय पर पीपीटी प्रस्तुति दी। प्रो. पीयूष भार्गव ने देश के ऐतिहासिक मंदिरों पर प्रकाश डालते हुए उनके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व का विश्लेषण प्रस्तुत किया। राजनीतिशास्त्र विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रोफेसर मनुका खन्ना ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान तथा 'भारत में राष्ट्रवाद का उदय' विषय पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भारत राष्ट्र पर आधारित क्विज का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन विनायक सिंह ने किया।

## कृषि संकाय में पांच दिवसीय दीक्षारम्भ का समापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी एवं कृषि संकाय की डीन प्रो. गौरी सक्सेना के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में बीएससी कृषि (ऑनर्स) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय 'दीक्षारम्भ-2026' कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर कृषि संकाय की डीन प्रो. गौरी सक्सेना ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने, अनुशासन एवं अच्छे मूल्यों को बनाए रखने तथा विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

DAINIK JAGRAN

## हास्टल की 19 तक जमा करें फीस

**जासं• लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.एससी गणित, बायो, एससी एग्रीकल्चर, एम.एड व बी.एड तीसरे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए हास्टल आवंटन सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दी है। विद्यार्थियों को 19 तक फीस जमा करने का समय दिया गया है।

SWATANTRA BHARAT

## प्रो अवधेश ने फिर संभाला विभागाध्यक्ष का कार्यभार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता।** लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में प्रो अवधेश कुमार ने शुक्रवार को दूसरी बार विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर प्रो. अवधेश कुमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन, विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि विभाग में शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, गुणवत्तापूर्ण शोध को प्रोत्साहित करना और नवाचार की दिशा में कार्य करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों के लिए सहयोगात्मक एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण विकसित करने के प्रति उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।